## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 13.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. चाईबासा में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान में शहीद हुए जवान सुनील धान को टेंडर ग्राम जगुआर कैंप में दी गई अंतिम विदाई, राज्यपाल ने कहा ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इस दिशा में सक्रियता से उठाए जा रहे हैं कदम।
2. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञाने□ा कुमार ने बुंडू के दिउड़ी मंदिर में की पूजा अर्चना, बीएलओ के साथ करेंगे संवाद।
3. डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रांची में जय भीम पदयात्रा का किया गया आयोजन. राज्यभर से आए हुए 600 से अधिक युवाओं ने लिया हिस्सा।
4. बैशाखी के अवसर पर आज रांची सहित राज्य भर के गुरुद्वारों में किया जा रहा है विशेष अरदास का आयोजन, पाम संडे पर खजूर की डालियों के साथ मसीही विश्वासियों ने निकाली शोभायात्रा।
5. खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए फुटबॉल, रग्बी, हॉकी और वॉलीबाल के लिए झारखंड टीम का चयन ट्रायल कल से रांची में होगा।

**********************

झारखंड जगुआर मुख्यालय में शहीद जवान सुनील धान को अंतिम विदाई दी गई। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सुनील धान पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराइकेला में शहीद हुए थे। वहां सुरक्षा बलों और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इसी दौरान आईईडी विस्फोट में वे वीरगति को प्राप्त हुए थे। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इस दिशा में सक्रियता से कदम उठाए जा रहे हैं।

श्रद्धाजंलि देने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि परिजनों के साथ हर पल राज्य की सरकार खड़ी है।

**********************

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञाने□ा कुमार ने आज बुंडू के दिउड़ी मंदिर में पूजा अर्चना की। वे रांची में स्थित द□ाम फॉल जलप्रपात में भौगोलिक रूप से कठिन और दुर्गम इलाकों में काम करनेवाले बीएलओ के साथ भी संवाद करेंगे। इस मौके पर बीएलओ को सम्मानित भी किया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञाने□ा कुमार तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर हैं।

**********************

आज नेहरू युवा केंद्र संगठन झारखण्ड और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जय भीम पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका से हुआ। जिसमें राज्यभर से आए हुए 600 से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रांची विधायक सी. पी. सिंह ने कहा कि डॉ. भीम राव अंबेडकर केवल संविधान निर्माता नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत थे।

**********************

आंबेडकर जयंती पर कल रांची में कांग्रेस पार्टी की ओर से मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। इसे लेकर तैयारी पूरी हो गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कल तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने पदाधिकारियों को आयोजन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मिली जानकारी के अनुसार मानव श्रृंखला में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू भी शामिल होंगे और आमसभा को संबोधित करेंगे।

**********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज ओडिशा के पूर्व राज्यपाल एवं झारखण्ड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।

**********************

बोकारो स्टील सिटी पुलिस ने बाजार और चौक चौराहों पर खुले में शराब पीने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। पुलिस ने शराबियों को खदेड़ा और उनकी गाड़ियां भी जब्त की। बोकारो से सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने बताया कि आम लोगों की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है।

**********************

रामगढ़ जिले के विभिन्न समूह से जुड़ी महिलाएं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर हो रही है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैसाखी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में नई उम्मीदें, खुशियाँ और समृद्धि लेकर आता है। श्री मोदी ने कहा कि यह त्यौहार एकजुटता, कृतज्ञता और नएपन की भावना पैदा करता है।

**********************

रांची में बैसाखी पर आज गुरुनानक स्कूल में विशेष दीवान सजाया गया है। वहीं गुरूद्वारों में वि□ोश अरदास की जा रही है। वहीं आज रांची सहित राज्यभर में पाम संडे भी मनाया जा रहा है। रांची में भीं मसीही विश्वासियो ने खजूर की डालियों के साथ यीशु मसीह के येरुशलम में प्रवेश की घटना का स्मरण किया। इधर खूंटी में भी ईसाई धर्मावलंबियों ने खजूर की डालियों के साथ भाोभायात्रा निकाली।

**********************

रांची रेल मंडल अंतर्गत चल रहे महत्वपूर्ण विकास और मरम्मत कार्यों के कारण रेलवे ने कई ट्रेनों के संचालन में 24 अप्रैल तक बड़ा बदलाव किया हैं। इसमें कुछ ट्रेनें पूरी तरह रद्द किया गया है। कुछ शॉर्ट टर्मिनेटेड और कुछ ट्रेनों को डाइवर्ट किया गया हैं। रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति अवश्य जांच लें।

**********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोना का भाव 87 हजार दो सौ पचास रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 2 हजार रुपये प्रति किलो है।

**********************

मौसम विभाग ने आज गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा और गुमला को छोड़कर बाकी जिलों में हल्के और मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग की ओर से येलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग ने 15 अप्रैल को भी झारखंड में तेज हवा, बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की चेतावनी दी है। पूरे राज्य में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। यह बदलाव साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण हो रहा है। यह सर्कुलेशन मध्यप्रदेश, ओडिशा, बंगाल और झारखंड होते हुए बांग्लादेश की ओर बढ़ रहा

**********************

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में झारखंड की भागीदारी को लेकर चार खेलों में टीम गठन के लिए ट्रायल कल रांची के अलग–अलग स्टेडियम में होगा। फुटबॉल, रग्बी, वॉलीबॉल और हॉकी के लिए टीम का गठन किया जाना है। फुटबॉल टीम के लिए बालक–बालिका खिलाड़ियों का ट्रायल बिरसा

मुंडा स्टेडियम मोरहाबादी में आयोजित होगा। वही रग्बी बालक टीम का ट्रायल एथलेटिक्स स्टेडियम होटवार में होगा। वालीबॉल बालिका टीम का ट्रायल ऑक्सीजन पार्क और हाकी का ट्रायल मोरहाबादी हॉकी स्टेडियम में लिया जाएगा।

*********समाप्त*************